स्वीकृत प्रोजेक्टों में भी नहीं हो पा रहा काम शुरू

विकास पर लगा ग्रहण, विकास पुरुष भी बैठे शांत

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। पन्ना जिले में वैसे भी विकास के नाम पर कोई बड़ा प्रोजेक्ट नही आया और जो आये वह भी ठंडे बस्ते में चले जाने से मूर्तरूप नही ले पा रहे। अब इसमें जनप्रतिनिधि भी मौन साधे बैठे है इसके पीछे तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है। कुछ लोगो का मानना है कि जनप्रतिनिधि अपनों एवं अपने चेहतों के विकास में जुटे है, जिले के विकास के प्रति सिर्फ दिखावा कर रहे है।

वहीं कुछ लोगो का मानना है कि अब उन लोगो की सरकार में सुनवाई नही हो रही। कारण जो भी हो यह तो विकास पुरूष जनप्रतिनिधि ही जानें, लेकिन जिस तरह से जिले के स्वीकृत प्रोजेक्ट गति नही पकड़ पा रहे है जिसके चलते जो थोड़ा बहुत विकास होना था वह भी ठप्प पडा हुआ है। ज्ञात हो कि पन्ना में डायमंड पार्क के लिए सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग विभाग द्वारा 12.65 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रशासन द्वारा शहर के जनकपुर में पहले ही 9 हेक्टेयर से अधिक जमीन आवंटन के बाद समतलीकरण कराया जा चुका है। उक्त कार्य कोरोना संक्रमण के समय शुरू हुआ था। डायमंड पार्क शहर के नये औद्योगिक क्षेत्र जनकपुर में बनाया जाना प्रस्तावित है। पार्क में इससे रोड, ह्यूम पाइप, कर्ल्वट, विद्युतीकरण, ओवर हेड, अंडर ग्राउंड वाटर टैंक, हार्वेस्टिंग सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। पन्ना जिले में पन्ना, बृजपुर और पहाड़ीखेरा क्षेत्र के करीब 50 किलोमीटर का क्षेत्र हीरा पट्टी धारित क्षेत्र कहलाता है पन्ना में इसी क्षेत्र में उथली खदानों में हीरा पाया जाता है। इस क्षेत्र में हीरा खदानें पट्टे की है जो वैद्यानिक रूप से संचालित मानी जाती है। हीराधारित पट्टी का करीब दो हजार हेक्टेयर क्षेत्र वन भूमि में चले जाने के बाद बड़ी संख्या में अवैध रूप से खदानें संचालित हो रही है। लेकिन यह भी प्रोजेक्ट गति नही पकड़ पा रहा है।

जीआई टैग मिलने के बाद अटका मामला –पन्ना के हीरे को नवंबर 2025 में जीआई टैग प्रदान किया गया था। तब लोगों को उम्मीद थी कि अब पन्ना का हीरा अंतरराष्ट्रीय मार्केट में स्थान बना पाएगा, लेकिन इसके बाद प्रशासन से हीरा से जुड़े कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अभी तक किसी प्रकार की पहल नहीं की है। इससे इस कारोबार को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। इससे हीरा ज्वेलरी और माइनिंग से जुड़े हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं।

डायमंड म्यूजियम के लिए 18 करोड़ रुपए स्वीकृत

पन्ना जिले के पुरुषोत्तमपुर में डायमंड म्यूजियम का निर्माण करने के लिए 18 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत कर दी गई थी। पहले इसके लिए धरमसागर तालाब के ऊपर पहाड़ी क्षेत्र का चयन किया गया था। बाद में 18वीं सदी की इमारत यादवेन्द्र भवन में म्यूजियम बनाने के लिए प्रस्तावित किया गया। अब डायमंड पार्क परिसर में ही डायमंड म्यूजियम भी बनाना प्रस्तावित है लेकिन वह भी गति नही पकड़ पा रहा है।

हाटपुर डायमंड ब्लॉक भी अधर में

हाटपुर डायमंड ब्लॉक देश का पहला डायमंड ब्लॉक था जिसे एमएमआरडी अमेंडमेंट एक्ट 2015 के तहत 5 अक्टूबर 2016 को नीलाम किया गया था। जिसे बंसल ग्रुप ने सर्वाधिक बोली लगाकर खरीदा था। यह 133.50 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला डायमंड ब्लॉक है। इसमें 10.12 कैरेट हीरा प्रति 100 टन डायमंड ग्रेड का अनुमान है। इसकी माइनिंग लीज भी बंसल ग्रुप को दी गई थी। करीब 10 साल से यह प्रोजेक्ट अभी भी कागजों में ही चल रहा है। डायमंड ब्लॉक से अभी तक औद्योगिक स्तर पर हीरों का उत्पादन शुरू नहीं हो पाया है।

ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से एक की मौत, तीन घायल

चालक ट्रैक्टर छोड़कर हुआ फरार

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। पन्ना जिले में लंबे समय से रेत एवं पत्थर सहित गिट्टी परिवहन करने वाले 90 प्रतिशत ट्रक, ट्रेक्टर एवं डम्फरों में नम्बर नही होता, जिस कारण आये दिन ये जानलेवा ओव्हरलोड़ खनिज परिवहन करने वाले वाहन टक्कर मार कर जान ले लेते है फिर इसके बाद मौका मिला तो फरार भी हो जाते है क्योंकि नम्बर नही होता तो कोई इन पर कार्यवाही भी नही करा पाता।

वही वाहन पकड़ा जाता है जो मौके पर छोड़ कर भाग जाता है। ऐसा ही मामला आज फिर प्रकाश में आया है जिसमें आज एक फिर बिना नम्बर के रेत परिवहन करने वाले ट्रेक्टर ट्राली ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गयी व अन्य तीन घायल हो गये। हासिल जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत बराछ मोढ़ के पास एक ट्रेक्टर ट्राली तथा बाइक की टक्कर से कैलाश सिंह पिता हरप्रसाद उम्र 20 वर्ष निवासी कटहरी बिलहटां की मौत हो गई, वहीं हसीना पिता चुनवाद सिंह 18 वर्ष, तीरथ सिंह पिता रामप्रसाद सिंह उम्र 45 वर्ष तथा फूला सिंह पति तीरथ सिंह उम्र 40 वर्ष घायल हो गये। मृतक पक्ष के लोग कटहरी बिलहटां में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे, जहां पर ये हादसा घटित हो गया। घायलों का ईलाज जिला चिकित्सालय पन्ना में चल रहा है।

जंगल से भटके सिवेट को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। दक्षिण पन्ना वनमंडल के वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा अंतर्गत ग्राम मोहन्द्रा में जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचे एक सिवेट का वन विभाग द्वारा सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए वन्यजीव को सुरक्षित पकड़ा गया। रेस्क्यू अभियान में बीट गार्ड सिंगवारा रामदयाल सूत्रकार तथा बीट गार्ड पश्चिमी मोहन्द्रा जगदीश प्रसाद अहिरवार की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही। रेस्क्यू उपरांत सिवेट को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। सिवेट एक शर्मीला एवं मुख्यत: रात्रिचर वन्यजीव माना जाता है, जो सामान्यत: घने जंगलों में रहना पसंद करता है। यह छोटे फलों, कीटों तथा अन्य छोटे जीवों को खाकर वन पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिवेट बीज प्रसार में भी सहायक होता है, जिससे जंगलों के प्राकृतिक पुनर्जनन में योगदान मिलता है।

बिजली समस्या से निजात पाने विभाग कर रहा प्रयास

नवभारत न्यूज

अजयगढ़, 23 मई। शहर में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ रहे विद्युत भार को देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा शहर की विद्युत व्यवस्था को सुचारु एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार निकोसे एवं कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा के निर्देशन में विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कनिष्ठ अभियंता अजयगढ़ ए.एस. परिहार ने बताया कि जय स्तंभ चौक में 100 केव्ही का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। वहीं जैन मंदिर क्षेत्र में भी 100 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इसके अतिरिक्त गल्ला मंडी में स्थापित 100 केव्ही ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 200 केव्ही कर दी गई है। इसी क्रम में आज रेस्ट हाउस के सामने स्थापित 100 केव्ही ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 200 केव्ही क्षमता का नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि काली जी मंदिर क्षेत्र में 100 केव्ही से 200 केव्ही क्षमता वृद्धि तथा बाँदा रोड क्षेत्र में अतिरिक्त 100 केव्ही ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु आवश्यक ट्रांसफार्मर प्राप्त हो चुके हैं एवं आगामी दिवस जल्द ही उक्त कार्य भी पूर्ण कर लिए जाएंगे।

श्री परिहार ने बताया कि पूर्व में रात्रिकालीन विद्युत भार बढ़ने के दौरान लो-वोल्टेज, अत्यधिक लोड के कारण केबल जलने एवं बार-बार फ्यूज उड़ने जैसी समस्याएं सामने आ रही थीं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। वर्तमान में किए जा रहे कार्यों से इन समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा नगरवासियों को अधिक स्थिर, सुदृढ़ एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी।

पारा पहुंचा 45 डिग्री, दोपहर में सड़कें हो जाती हैं वीरान

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। आग बरसती सूरज की किरणों के बीच चरम पर पहुंच चुकी गर्मी व उमस ने हर वर्ग के लोगों को बेहाल कर दिया है। शहर सहित सभी तहसील इलाकों मे एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

मई माह में गर्मी अपने चरम पर है इस भीषण गर्मी से बच्चे बूढे तो परेशान हैं ही साथ ही युवा वर्ग भी लू भरी गर्मी को सहन नहीं कर पा रहे हैं। सुबह से निकल रही धूप आग के गोले के रूप तब्दील होकर बदन को झुलसा रही है। स्थिति यह है कि दोपहर को तो सड़को मे सन्नाटा पसर जाता है, वहीं मुख्य बाजारों मे भी इक्का दुक्का लोग ही पहुंचते हैं।

राहगीर भटकते हैं पानी के लिये:- राहगीर व मुसाफिरो को गला तर करने के लिये इधर उधर भटकना पड़ता है। पारे में आये दिन हो रहे उतार चढ़ाव की वजह से गर्म हवा के थपेड़े भी लोगों को झुलसाने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। धूप व गर्मी के चलते एक ओर विशेषकर मजदूरी पेशा से जुडे लोग काम करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। लगभग एक हफ्ते से पारा 43-45 के बीच चल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी इस भीषण गर्मी से जल्द निजात नहीं मिलेगी। वहीं इस भीषण तपिश मे बिजली कटौती भी लोगों को जमकर परेशान कर रही है। स्थिति यह रहती है कि शेड्यूल के अलावा भी बिजली गुल रहती है। दिन में गर्म हवाओं के झोंकों से लोगों के हाल बेहाल है। बढ़ती गर्मी का आलम ऐसा है कि रात मे भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही हैं। मौसम में ये परिवर्तन पिछले एक सप्ताह से देखने को मिल रहा है। गर्मी के मौसम मे लोगों को कई तरह की बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा बना रहता है। इस मौसम में खासतौर पर खानपान पर ध्यान न देने की वजह से लोग आमतौर पर हैजा, डायरिया व ऐसी अन्य बीमारियों से पीडित हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से हो रही तेज धूप व उमस की वजह से लोगों के बीमार होने का दौर शुरू हो गया है।

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार गर्मी के मौसम मे होने वाली बीमारियों से ग्रसित मरीज अपना इलाज कराने के लिये पहुंच रहे हैं।

लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में अवैध वसूली का खेल

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। शासन की मंशा है कि सेवानिवृत्त हो चुके अथवा होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण शत प्रतिशत किया जाय। किन्तु देखा जा रहा है कि कई विभागों में ऐसे कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण कई वर्षों से नहीं हो रहा है।

लिहाजा कई लोगों को फिर अदालतों की शरण में भी जाना पड़ता है। इस संबंध में शासन स्तर से कई बार समीक्षा भी की जा चुकी है। यहां तक कि जिला व संभागीय स्तर पर कैम्पों का भी आयोजन हो चुका है। इसके बाद भी कई लोग पेंशनर होने के बाद भी पेंशन राशि प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। वित्त विभाग द्वारा सेवानिवृत्त हो चुके सभी कर्मचारियों के प्रकरणों की समीक्षा की जाती है और जिलों व संभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं। जिला व संभाग स्तर पर भी समीक्षा होती है और निर्देश दे दिये जाते हैं। बावजूद इसके जहां वसूली का अवैध काम शुरू हो जाता है वहां प्रकरणों को लंबित रखने के लिये कई कारण बन जाते हैं। लिहाजा कभी कारण विभाग के डीडीओ बन जाते हैं, कभी पेंशन कार्यालय तो कभी जिला कोषालय। इस तरह से सेवानिवृत्त हो चुका पेंशनर इन सभी विभागों के चक्कर काटता रहता है। यहां तक देखा जाता है कि सेवानिवृत्त हो चुके जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है उनके प्रकरणों का भी निराकरण प्राथमिकता के साथ नहीं हो पाता। भले ही इसके लिये शासन द्वारा परिपत्र जारी किये जा चुके हों। यह भी निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों को तीन माह पूर्व पेंशन अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिये। किन्तु इसका भी पालन नहीं हो पाता। देखा जाता है कि प्रतिमाह कई कर्मचारी अधिकारी सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में उनके क्लेम एवं पेंशन आदि से संबंधित मामले भी बढ़ते जाते हैं। किन्तु जहां संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मंशा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी एवं अधिकारियों में बदल जाती हो वहां कुछ भी हो सकता है।

अक्षय तिवारी बने कांग्रेस जिला महासचिव

पन्ना, 23 मई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी में युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय तिवारी को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, मित्रों और समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। नियुक्ति की घोषणा के बाद अक्षय राजन तिवारी ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एवं जिला संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

आरटीओ कार्यालयों में बिचौलियों का राज

बिना दलाली के नहीं होता कोई काम

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। आरटीओ कार्यालय परिसर में भीडभाड का माहौल है। इस भीड में अधिकांश तो बिचोलिये दिखाई दे रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी के नाक के नीचे दफ्तर के हर कमरे में घुसकर दलाल उनके बाबू व अधिकारियों के साथ बैठकर काम करा रहे हैं।

उन्हें अधिकार पूर्वक निर्देशित भी कर रहे हैं। दलाल किसी भी कमरे में घुसें कहीं भी बैठे उन्हे कोई मनाही नहीं। मानों वे इसी दफ्तर के अधिकारी कर्मचारी हैं। आरटीओ कार्यालय में पडताल किया तो नजारा ही कुछ और रहा। आरटीओ कार्यालय में हर काम के दाम तय हैं। कार्यालय में लोगों के पहुंचते ही बिचौलिये की नजरें ऐसे घूरती है जैसे कि कोई खजाना हांथ लगने वाला हो। परिवहन कार्यालय में काम के लिए बिचौलियों का सहारा लेना लोगों की मजबूरी बना दिया गया है। इसकी वजह है कि कलेक्टर की निगाह हर उस विभाग पर नही है जिससे आम आदमी का रोज का वास्ता है। चाहे वह जिला अस्पताल, नगर पालिका, या फिर शासकीय उचित मूल्य की दुकान। ऐसे में आरटीओ दफ्तर भला कैसे आंखों से ओझल हो सकता है। यह तो सभी को पता है कि आरटीओ में बिचौलियों की प्रथा अरसे से चली आ रही है। इस पर नियंत्रण के लिए कभी प्रभावी प्रयास ही नहीं किए गए। करें भी कैसे, आखिर दफ्तर वालों का मुंह पेट भी इन्हीं से चलता है। दलाल दफ्तर के सभी विभागों में भीतर तक घुसकर कर्मचारियों से मनमाफिक काम करवाते हैं।

बाबू रखते हैं कमीशन का हिसाब:- आरटीओ कार्यालय में के अधिकांश बाबूओं के पास छोटे छोटे पैड रहते हैं।

इस पर दिनभर किए गए काम का हिसाब लिखा जा रहा होता है। कि कार्यालय बंद होने के बाद सभी काम का हिसाब किताब होता है, और इसी के जरिए ये पता चलता है कि किस दलाल से कितना कमीशन लेना है।

पैसे दो तो पलभर में निबटा देते हैं काम

परिवहन विभाग का लाइसेंस शाखा हो या फिर नाम ट्रांसफर शाखा या फिर परमिट। इन सबके लिए यहां अधिकारी कर्मचारी तो हैं। लेकिन उनसे अधिक दलालों की फौज है। यहां बिना दलालों के कुछ नहीं होता। आप सीधे अपने किसी काम के लिए किसी अधिकारी कर्मचारी से मिलें तो काम होना तकरीबन असंभव है। लेकिन यही काम पैसे देकर किसी दलाल को सौंप दें। पलभर में काम निपट जाएगा। ऊपर से नीचे तक सब कुछ सेट है।

भालू के हमले में घायल को दी गई सहायता

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। दक्षिण पन्ना वनमंडल की मोहन्द्रा रेंज अंतर्गत दिनांक 22 मई को प्रात: लगभग 8 बजे के बीच ग्राम बिलपुरा निवासी भइयन आदिवासी पिता भूरे आदिवासी, उम्र लगभग 54 वर्ष, तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान वन क्षेत्र में भालू के हमले से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र सहायक बिलपुरा देवी सिंह यादव द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा पहुंचाया गया। वहां से चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया। परिक्षेत्र सहायक देवी सिंह यादव द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। घटना में घायल व्यक्ति को आंख एवं सिर में गंभीर चोटें आई हैं, किन्तु चिकित्सकों के अनुसार समय पर उपचार मिलने से उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है।

गुटखा और पान मसालों की चलन से किसानों की जीविका संकट में

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। जिले के सलेहा क्षेत्र मे बंगला पान काफी मशहूर था। इस पान के स्वाद से केवल देश के लोग ही परिचित नहीं थे, बल्कि पाकिस्तान, श्रीलंका सहित कई देशों के लोग इसके मुरीद थे। बंगला पान पन्ना के महाराजाओं को ही नहीं बल्कि लखनउ के नवाबों की भी पहली पसंद हुआ करता था।

बंगला पान अपने स्वाद मे दीवाना बना लेता था यहां के बंगला पान को राजा पान भी कहा जाता था क्योंकि राजाओं की यह पसंद थी। राजशाही खत्म हुई तो राज दरबार से इस पान का शौक उतर गया, लेकिन इसकी खासियत है कि इसकी पत्तियां मीठी मुलायम होती हैं मुंह मे जाने के बाद ये पान घुल जाता है बंगला पान मे वैरायटियां होती है। सलेहा के आसपास एक समय यह दौर था कि जब घर घर में पान की खेती हुआ करती थी, यहां के चौरसिया समाज के किसानों का यह पुश्तैनी धंधा हुआ करता था, जो उन्हें विरासत में मिलता था, यहां बंगला और जैसवारी पान विश्वप्रसिद्ध पान हुआ करता था, जो लोगों की पहली पसंद था, यहां लोग बडे शौक से इसे खाते थे, ये पान भारत के कोने कोने में तो बिकता ही था। यह किसानों का मुख्य धंधा था। इसके पान की खेती से जुडे लोग इसकी खेती करके अपना घर परिवार चला लेते थे, लेकिन गुटखा और पान मसाला के चलन में ये पान कहीं खो से गए, इनकी पूंछतांछ कम हो गई, इसमें लगातार हो रहे घाटे के चलते पान की खेती करने वाले किसानो के पास रोजगार का भी संकट आ खडा हुआ है, जिससे इसकी खेती करने वाले किसान काफी दुखी है।

गुटखा में पन्ना अपना रखता है स्थान:- यहां बडी संख्या मे खैनी, गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों का सेवन करती है। रिपोर्ट बताती है कि मप्र सहित अन्य राज्यों पर फोकस किया जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू, नियंत्रण में बडी सफलता मिल सकती है। यदि सिर्फ पन्ना भर मे ध्यान दिया जाये तो और अभियान चलाया जाये तो 20 प्रतिशत कमी लाई जा सकती है।

किसानों का घर चलाना हुआ मुश्किल

कुछ किसान पान की खेती को बचाए रखने के लिए इसमें लगातार आ रहे घाटे के बावजूद भी खेती कर रहे हैं, एक समय था, जब पान की खेती करने वाले किसानों को पान की खेती से काफी फायदा होता था, इसी से वो बच्चों का लालनपालन करते थे। और पढ़ाई लिखाई सहित पूरा घर चलाते थे, लेकिन अब ये हालात है कि इससे बच्चों की पढाई तो दूर किसी तरह से उनका घर चलाना मुश्किल पड रहा है।

राकेश बने जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। पन्ना कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई जिला कांग्रेस कमेटी की सूची में श्री शर्मा को स्थान दिया गया है राकेश शर्मा को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं पत्रकारों ईष्ट मित्रों शुभ चिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

डॉ. तिवारी को पितृ शोक

पन्ना, 23 मई। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी के पिताश्री बंशीधर तिवारी उर्फ बाबूजी का स्वर्गवास हो गया है वे लगभग 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे दो पुत्र डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी एवं डॉ.के.पी.तिवारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार उनके निज निवास ग्राम बकिया जिला सतना में किया गया। उनके निधन पर जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुये श्रद्धांजली अर्पित की है।

पांच वर्षों से फरार आरोपी को पवई पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

पवई 23 मई। पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने.अपने थाना क्षेत्रों में दीर्घकालिक लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में थाना पवई पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

इसी दौरान थाना पवई के अपराध क्रमांक 559ध्2020ए 13ध्2021ए 34ध्2021 एवं 89ध्2021 धारा 457ए 380 भादवि के अंतर्गत घर में घुसकर चोरी करने के मामलों में पिछले 05 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी कोमल ;अहिरवारद्ध उर्फ विनय वर्मा पिता राजकरण वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम शिमौनी सिंगपुर थाना तिंदवारी जिला बांदा ;उण्प्रण्द्ध को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई ।उक्त आरोपी थाना पवई के 04 अपराधों के अतिरिक्त कोतवाली पन्ना के 03 एवं थाना धरमपुर के 01 अपराध में भी फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश एवं तकनीकी जानकारी एकत्रित कर बबेरू जिला बांदा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बकरीद को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

पन्ना, 23 मई। अजयगढ आगामी पर्व को लेकर थाना परिसर अजयगढ़ में शांति समिति की बैठक नायव तहसीलदार धनीराम अहिरवार, एसडीओपी राजीव सिंह भदोरिया, थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित की गई।

जिसमें निर्णय लिया गया कि नगर में जहां भी नमाज अदा की जाए वहां पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की जाए। नगर परिषद द्वारा साफसफाई, पानी की व्यवस्था की जाए। एसडीओपी राजीव सिंह भदोरिया ने कहा कि त्योहार के पूर्व संध्या पर रात्रि कालीन गस्त और प्रभात गस्त लगाई जाए। धार्मिक स्थलों खास करके जहां पर नमाज अदा की जाना है वहां पर पुलिस की विशेष चौकसी और निगरानी रखी जाए नमाज के बाद हजरत रमजान साहब बाबा की मजार पर पुलिस तैनात की जाए। बकरीद का पर्व अपनी परंपरा के मुताबिक अदा किया जाएगा। बड़ी मस्जिद में 8 बजे एवं ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद में 8:30 बजे, नूरी जामा मस्जिद में 8:45 बजे नमाज अदा की जाएगी। थाना प्रभारी हरि सिंह ने कहा कि सभी लोग कुर्बानी सार्वजनिक स्थलों में नहीं करें अपने घर के अंदर कुर्बानी करें और अपनी परंपरा के मुताबिक अपना पर्व सद्भावना भाईचारे के साथ मनाए। नायव तहसीलदार धनीराम अहिरवार ने लोगों से कहा कि अपने आपसी भाईचारे परंपरा के मुताबिक जैसा पर्व मनाते चले आए हैं उसी तरीके से पर्व मनाए। इस बैठक में ए एस परिहार बृजेंद्र तिवारी सलीम सदर अजीम अहमद संजय सुल्लेरे प्रमोद तिवारी सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।